हकेंवि में 'एक विद्यार्थी–एक पौधा' अभियान की हुई शुरुआत

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब, उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रास, सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग व शिक्षा पीठ द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में सभी सहभागियों से विश्वविद्यालय परिसर में हरित आवरण बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार के लिए यूजीसी, एआईसीटीई और सीएक्यूएम (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों के एक भाग के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने

हकेंवि में एक विद्यार्थी–एक पौधा अभियान की शुरुआत करतीं प्रो. सुनीता श्रीवास्तव

पौधारोपण कर व उसकी देखभाल कर प्रकृति संरक्षण में सहयोग के लिए सभी को प्रेरित किया और सभी विद्यार्थियों से एक–एक पौधा लगाने की अपील की। विवि के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने पहाड़ी पापड़ी, नीम, बकैन जैसे देशी पेड़ों के 800 से अधिक पौधे लगाए गए। इससे पहले 27 जुलाई को विवि में पौधारोपण अभियान के तहत एक हजार पौधे लगाए गए थे। उन्होंने पौधों की व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत जांट की सरपंच कीर्ति और जिला वन विभाग का आभार जताया। कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस, वाईआरसी, उन्नत भारत अभियान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आपका जीवन दूसरों के लिए भी उपयोगी: टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जीवन ईश्वर का दिया अनमोल उपहार है। इसे प्रेम एवं संवेदना के साथ जीना चाहिए। हमारा जीवन केवल हमारा नहीं है, वह दूसरों के लिए भी उपयोगी है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। हमें खुश रहने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि हम खुश रहने के लिए बने हैं।

विश्वविद्यालय के दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

स्वागत करते हुए आत्महत्या रोकथाम के महत्त्व और ऐसी कार्यशालाओं की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यशाला के आयोजन सचिव प्रो. वीएन यादव ने दो दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो. ओपी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जीवन में स्वीकार्यता के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने परिचर्चा के माध्यम से आत्महत्या के कारणों एवं रोकथाम पर प्रकाश डाला। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय से डा. संजय कुमार, राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के डा. मुकेश शर्मा ने एक मनोवैज्ञानिक का दृष्टिकोण विषय पर, हकेंवि की संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सुमन रानी ने महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में तथा समाजशास्त्र विभाग के डा. युद्धवीर ने समाजशास्त्र के संदर्भ में चर्चा की। कार्यशाला में आत्महत्या रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संगीत नाटिका, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, फिल्म स्क्रीनिंग, वाद–विवाद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 300 शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी समन्वयक कुमारी मंजु फोगाट व कुमारी निधि कलोनिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आपका जीवन दूसरों के लिए भी उपयोगी : टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि जीवन ईश्वर का दिया अनमोल उपहार है। इसे प्रेम एवं संवेदना के साथ जीना चाहिए। हमारा जीवन केवल हमारा नहीं है, वह दूसरों के लिए भी उपयोगी है। आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। हमें खुश रहने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि हम खुश रहने के लिए बने हैं।

विश्वविद्यालय के दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

स्वागत करते हुए आत्महत्या रोकथाम के महत्त्व और ऐसी कार्यशालाओं की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यशाला के आयोजन सचिव प्रो. वीएन यादव ने दो दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो. ओपी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने जीवन में स्वीकार्यता के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने परिचर्चा के माध्यम से आत्महत्या के कारणों एवं रोकथाम पर प्रकाश डाला। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय से डा. संजय कुमार, राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के डा. मुकेश शर्मा ने एक मनोवैज्ञानिक का दृष्टिकोण विषय पर, हकेवि की संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सुमन रानी ने महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में तथा समाजशास्त्र विभाग के डा. युद्धवीर ने समाजशास्त्र के संदर्भ में चर्चा की। कार्यशाला में आत्महत्या रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संगीत नाटिका, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, फिल्म स्क्रीनिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 300 शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी समन्वयक कुमारी मंजु फोगाट व कुमारी निधि कलोनिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हकेंवि में 'एक विद्यार्थी-एक पेड़' अभियान

हकेंवि में मंगलवार को पौधारोपण अभियान की शुरुआत करतीं प्रो. सुनीता श्रीवास्तव। -हप्र

महेंद्रगढ़ (हप्र) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के 'ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस' क्लब, उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रॉस, सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग व शिक्षा पीठ द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में सभी सहभागियों से विश्वविद्यालय परिसर में हरित आवरण बढ़ाने का आह्वान किया। भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से एक-एक पौधा लगाने की अपील भी की। विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान में 80 से अधिक विद्यार्थियों ने पहाड़ी पापड़ी, नीम, बकैन जैसे देशी पेड़ों के 800 से अधिक पौधे लगाए। उन्होंने पौधों की व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत जांट की सरपंच कीर्ति और जिला वन विभाग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर दिनेश बहल, डॉ. अनिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता अमरजीत, एई मुकेश भी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Wed, 13 September 2023
https://epaper.dainiktribun

युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीवोक बायोमेडिकल साइंसेज, स्कूल ऑफ लाइफ-लांग लर्निंग द्वारा युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सेमिनार का उद्घाटन किया। कुलपति ने अपने संबोधन में करियर काउंसलिंग के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने विदेश में करियर का अवसर पाने के लिए जागरूकता और कड़ी मेहनत के प्रभाव पर जोर दिया। कुलपति ने इसके लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की

महेंद्रगढ़। प्रतिभागियों को संबोधित करते वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार।

पहल की सराहना की। विवि के स्कूल ऑफ लाइफ-लांग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सेमिनार की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कौशल, समर्पण और सीखने की प्रवृत्ति जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं।

एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान का आगाज

- विवि के विद्यार्थियों ने गोद लिए वृक्ष, देखभाल करने की ली प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब, उन्नत भारत अभियान प्रकोष्ठ, एनएसएस इकाई, यूथ रेडक्रॉस, सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग व शिक्षा पीठ द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में सभी सहभागियों से विश्वविद्यालय परिसर में हरित आवरण बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार के लिए यूजीसी, एआईसीटीई और सीएक्यूएम (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों के एक भाग के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पौधरोपण कर व उसकी देखभाल कर प्रकृति संरक्षण में सहयोग के लिए सभी को प्रेरित किया। विवि के ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस क्लब के समंवयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इसमें 80 से अधिक विद्यार्थियों ने पहाड़ी पापड़ी, नीम, बकैन जैसे देशी पेड़ों के 800 से अधिक पौधे लगाए। 27 जुलाई को विवि में पौधरोपण के तहत 1000 पौधे लगाए गए थे। व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत जांट की सरपंच कीर्ति और जिला वन विभाग को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के आयोजन में एनएसएस, वाईआरसी, उन्नत भारत अभियान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. दिनेश चहल, डॉ. अनिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता अमरजीत व एई मुकेश उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़। एक विद्यार्थी-एक पेड़ अभियान की शुरुआत करती प्रो. सुनीता श्रीवास्तव। *फोटो: हरिभूमि*

हकेवि में युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषयक सैमिनार आयोजित

सैमिनार में प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 12 सितम्बर (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.के.वि.), महेंद्रगढ़ में बी. वोक. बायो-मैडीकल साइंसेज, स्कूल ऑफ लाइफ- लॉन्ग लर्निंग द्वारा युवा वैज्ञानिकों की रोमांचक यात्रा विषय पर सैमिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सैमिनार का उद्घाटन किया।

कुलपति ने अपने संबोधन में करियर काऊंसलिंग के महत्त्व पर चर्चा की। उन्होंने विदेश में करियर का अवसर पाने के लिए जागरूकता और कड़ी मेहनत के प्रभाव पर जोर दिया। कुलपति ने आयोजन के लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की पहल की सराहना की।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ-लॉन्ग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सैमिनार की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सैमिनारों का आयोजन विभाग द्वारा किया जाएगा।

सैमिनार में विशेषज्ञ डा. प्रणय श्रीवास्तव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कौशल, समर्पण और सीखने की प्रवृत्ति जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। कार्यक्रम के संयोजक डा. रोहित कुमार वर्मा ने विशेषज्ञ डा. प्रणय श्रीवास्तव का परिचय दिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डा. प्रणय श्रीवास्तव, डेलिक्स थेरेप्यूटिक्स, बेडफोर्ड, मैसाचुसेट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में वैज्ञानिक-न्यूरोप्लास्टिसिटी हैं और हार्वर्ड मैडीकल स्कूल, बोस्टन में उनका अनुभव है।

कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा. मनीषा पांडे और डा. तरुण कुमार ने बताया कि सैमिनार में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने प्रतिभागिता की और विदेशी करियर विकल्पों के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। ऋचा ने टीम सदस्य के रूप में आयोजन में सक्रिय सहयोग किया।

शिक्षा

कुलपति ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का किया विमोचन

समाज में बाबा साहेब का योगदान अविस्मरणीय

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) में बुधवार को वनवासी कल्याण आश्रम भिवानी के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर आधारित व्याख्यान में वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख वैभव सुरंगे विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को मिलाने में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद

जनजाति गौरव पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

समाज में समानता लाने में, समस्याओं का समाधान करने में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर ने जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है।

कुलपति ने इस अवसर पर सीमा के नजदीक रह रहे लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा कि सीमा पार से लालच देने के बावजूद भी सीमा पार नहीं करते, यह उनकी देशभक्ति ही है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग से समरसता व अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में 14 सितंबर को विश्व का नेतृत्व करने के लिए वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सेमिनार के संबंध में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणक्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सेमिनार में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस सेमिनार के संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि सेमिनार में प्रबंधन और नेतृत्व, सामाजिक न्याय, कूटनीति, आर्थिक व्यवस्था, गरीबी और असमानता, सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों में चाणक्य की दार्शनिक प्रासंगिकता आदि पर चर्चा होगी। संवाद

हकेवि में चाणक्य की विचारधारा और दर्शन पर आधारित सेमिनार आज

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में 14 सितंबर को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणक्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सेमिनार में प्रबंधन और नेतृत्व, सामाजिक न्याय, कूटनीति, आर्थिक व्यवस्था, गरीबी और असमानता, सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों में चाणक्य की दार्शनिक प्रासंगिकता आदि विषयों पर गहन चर्चा होगी।

कुलपति ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का किया विमोचन

श्री वैभव सुरंगे का श्रीफल भेंट कर स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार.

महेंद्रगढ़ | हकेंवि, महेंद्रगढ़ में बुधवार को वनवासी कल्याण आश्रम भिवानी के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर आधारित इस व्याख्यान में वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख वैभव सुरंगे विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को मिलाने में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद समाज में समानता लाने में, समस्याओं का समाधान करने में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर आधारित सेमिनार आज

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में आज 14 सितंबर को विश्व का नेतृत्व करने के लिए वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणक्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सेमिनार में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री राज नेहरु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस सेमिनार के संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि सेमिनार में प्रबंधन और नेतृत्व, सामाजिक न्याय, कूटनीति, आर्थिक व्यवस्था, गरीबी और असमानता, सतत विकास और प्राकृतिक संसाधानों में चाणक्य की दार्शनिक प्रासंगिकता आदि विषयों पर गहन चर्चा होगी। सेमिनार में प्रो. एनके बिश्नोई, प्रो. पवन शर्मा, डा. गगन दीप शर्मा, प्रो. राजीव कुमार सिंह, डा. कौशल पाल, प्रो. मनोज सिवाच, प्रो. सुरेंद्र मोर, प्रो. मृदुल धारवाल, डा. सुनील फोगाट, प्रो. सोनू मदन, डा. विकास बत्रा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही सेमिनार के आयोजन में सुश्री रेणु, डा. रितु, अंजु, डा. अमनदीप वर्मा, प्रो. आशीष माथुर, डा. केआर पलसानिया महत्वपूर्ण योगदान दें रहे हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को किया याद

- कुलपति ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का किया विमोचन
- वीर वनवासियों के विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

श्री वैभव सुरंगे का श्रीफल भेंट कर स्वागत करते कुलपति प्रो . टंकेश्वर कुमार

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को वनवासी कल्याण आश्रम भिवानी के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर आधारित इस व्याख्यान में वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख श्री वैभव सुरंगे विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी आडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को मिलाने में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को याद किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद समाज में समानता लाने में, समस्याओं का समाधान करने में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर ने जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। कुलपति ने इस अवसर पर सीमा के नजदीक रह रहे लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा कि सीमा पार से लालच देने के बावजूद भी सीमा पार नहीं करते, यह उनकी देशभक्ति ही है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग से समरसता व अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज की समस्याओं को हल करने में मदद देने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री वैभव सुरंगे ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्त्व का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों के पड़ाव को याद करना इसलिए आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को याद रहे कि हमनें आजादी कैसे हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत के गावं-गावं, गली-गली में आजादी के लिए आंदोलन हुआ तभी हम आजादी हासिल कर पाएं।

श्री सुरंगे ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और हम अपने देश की जनजातीयों के इतिहास को जानने व उन पर शोध करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर सेमिनार आज

नारनौल, 13 सितंबर (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में 14 सितंबर को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणक्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सेमिनार में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस सेमिनार के संबंध में प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि सेमिनार में प्रबंधन और नेतृत्व, सामाजिक न्याय, कूटनीति, आर्थिक व्यवस्था, गरीबी और असमानता, सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों में चाणक्य की दार्शनिक प्रासंगिकता आदि विषयों पर गहन चर्चा होगी।

उन्होंने बताया कि सेमिनार में प्रो. एन.के. बिश्नोई, प्रो. पवन शर्मा, डॉ. गगन दीप शर्मा, प्रो. राजीव कुमार सिंह, डॉ. कौशल पाल, प्रो. मनोज सिवाच, प्रो. सुरेंद्र मोर, प्रो. मृदुल धारवाल, डॉ. सुनील फोगाट, प्रो. सोनू मदन, डॉ. विकास बत्रा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे।

चाणण्य की विचारधारा पर आधारित सेमिनार आज

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 14 सितंबर को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणण्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणण्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सेमिनार में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

हकेंवि में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर आधारित सैमिनार आज

महेंद्रगढ़, 13 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में आज 14 सितम्बर को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सैमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आई. सी. एस. एस. आर.), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सैमिनार के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि चाणक्य की चिंतन विचारधारा यथार्थवाद और व्यावहारिकता की भावना का प्रतीक है। यह मानव जीवन और समाज को समझने के लिए प्रोत्साहित करती है। सैमिनार में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस सैमिनार के संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि सैमिनार में प्रबंधन और नेतृत्व, सामाजिक न्याय, कूटनीति, आर्थिक व्यवस्था, गरीबी और असमानता, सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों में चाणक्य की दार्शनिक प्रासंगिकता आदि विषयों पर गहन चर्चा होगी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

•कुलपति ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का किया विमोचन

महेंद्रगढ़, 13 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को वनवासी कल्याण आश्रम भिवानी के सहयोग से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वनवासी वीरों का योगदान विषय पर आधारित इस व्याख्यान में वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा प्रमुख वैभव सुरंगे विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'जनजाति गौरव' पुस्तक का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित मिनी ऑडिटोरियम में

वैभव सुरंगे का श्रीफल भेंट कर स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वतंत्रता के बाद भारत की रियासतों को मिलाने में लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को याद किया।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के बाद समाज में समानता लाने में, समस्याओं का समाधान करने में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है।

कुलपति ने इस अवसर पर सीमा के नजदीक रह रहे लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा कि सीमा पार से लालच देने के बावजूद भी सीमा पार नहीं करते, यह उनकी देशभक्ति ही है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग से समरसता व अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज की समस्याओं को हल करने में मदद देने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वैभव सुरंगे ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्त्व का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों के पड़ाव को याद करना इसलिए आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को याद रहे कि हमनें आजादी कैसे हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत के गांव-गांव, गली-गली में आजादी के लिए आंदोलन हुआ तभी हम आजादी हासिल कर पाएं।

सुरंगे ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और हम अपने देश की जनजातियों के इतिहास को जानने व उन पर शोध करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

चाणक्य नीतियां आज भी हैं प्रासंगिक : कुलपति

विश्व का नेतृत्व करने के लिए वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा व दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर सेमिनार का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) में वीरवार को विश्व का नेतृत्व करने के लिए वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा व दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरू व प्रो. एनके बिश्नोई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रो. एनके बिश्नोई ने वर्तमान विश्व में प्रासंगिकता के साथ चाणक्य विचारधारा और दर्शन के व्यापक पहलुओं पर चर्चा की। सेमिनार में मुख्य अतिथि राज नेहरू ने कहा कि चाणक्य के सोचने के स्तर और गुणवत्ता पर हमें गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाणक्य की नीतियां लगभग तीन हजार वर्ष बाद आज भी प्रासंगिक है। नेहरू ने चाणक्य की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन क्षमता, अध्यापन कला का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से उनसे सीख लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने सभी से चाणक्य के बारे में अध्ययन कर नए भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अर्थशास्त्र के प्रो. रंजन अनेजा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पुस्तक अर्थशास्त्र के बारे में बताया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेनु ने किया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमनदीप वर्मा ने आए हुए मेहमानों का सम्मान किया।

आयोजन में रेणु, डॉ. रितु, अंजु, डॉ. अमनदीप वर्मा, प्रो. रणबीर सिंह, प्रो. आशीष माथुर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. आरपी मीणा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुमन, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. केआर पलसानिया महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सेमिनार में मंचासीन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, प्रो. एनके बिनश्नोई। स्रोत : विवि

समूह चर्चा के दौरान उपस्थित विद्यार्थी विशेषज्ञ के साथ। स्रोत : विवि

मीडिया उद्योग में रोजगार की नई संभावनाएं

महेंद्रगढ़। हकेंवि महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरुआत होती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजेश बादल ने कहा कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कैरिअर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया उद्योग आज देश में सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग है जिसके कारण इसमें रोजगार की नई-नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थी को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय, उद्योग के बारे में जागरूक करना है। विशाल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। टेलीविजन न्यू मीडिया अथवा अन्य माध्यमों पर सर्व प्रथम खबर प्रकाशित करने की जल्दी में तथ्यों की जांच के लिए कम समय रहता है यही कारण है कि आज भी प्रिंट पत्रकारिता अधिक विश्वसनीय है। संवाद

उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका : कुलपति

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश सक्सेना ने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ डॉ. पिंकी अरोड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)- वरदान या अभिशाप तथा जी-20 शिखर सम्मेलन के भविष्य के परिप्रेक्ष्य विषय पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरक और ज्ञानवर्धक रहा। इसमें उन्हें समसामयिक प्रासंगिकता के महत्वपूर्ण विषयों के साथ संचार और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। संवाद

मीडिया उद्योग में रोजगार की नई संभावनाएं

महेंद्रगढ़। हकेंवि महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरुआत होती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजेश बादल ने कहा कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कैरिअर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया उद्योग आज देश में सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग है जिसके कारण इसमें रोजगार की नई-नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थी को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय, उद्योग के बारे में जागरूक करना है। विशाल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। टेलीविजन न्यू मीडिया अथवा अन्य माध्यमों पर सर्व प्रथम खबर प्रकाशित करने की जल्दी में तथ्यों की जांच के लिए कम समय रहता है यही कारण है कि आज भी प्रिंट पत्रकारिता अधिक विश्वसनीय है। संवाद

समूह चर्चा के दौरान उपस्थित विद्यार्थी विशेषज्ञ के साथ। स्रोत : विवि

उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका : कुलपति

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश सक्सेना ने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ डॉ. पिंकी अरोड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)- वरदान या अभिशाप तथा जी-20 शिखर सम्मेलन के भविष्य के परिप्रेक्ष्य विषय पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरक और ज्ञानवर्धक रहा। इसमें उन्हें समसामयिक प्रासंगिकता के महत्वपूर्ण विषयों के साथ संचार और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। संवाद

हकेवि में समूह चर्चा का हुआ आयोजन

महेंद्रगढ़ (हप्र) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश सक्सेना ने भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों के आयोजन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया। आयोजन में विशेषज्ञ डॉ. पिंकी अरोड़ा उपस्थित रहीं।

हकेवि में 'चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार

महेंद्रगढ़| हकेवि में गुरुवार को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में 'चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति राज नेहरु मुख्य अतिथि व प्रो. एनके बिश्नोई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस राष्ट्रीय सेमिनार की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समसामयिक मुद्दों पर चाणक्य की विचारधारा और दर्शन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र के प्रो. रंजन अनेजा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पुस्तक 'अर्थशास्त्र' के बारे में बताया।

हकेवि में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन पर आधारित सेमिनार आयोजित

राज नेहरु ने मुख्य अतिथि व प्रो. एन.के. बिश्नोई ने मुख्य वक्ता के रूप में किया संबोधित

महेन्द्रगढ़। चेतना ब्यूरो।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गुरुवार को विश्व का नेतृत्व करने हेतु वर्तमान में चाणक्य की विचारधारा एवं दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री राज नेहरु मुख्य अतिथि व प्रो. एन.के. बिश्नोई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। सेमिनार के समापन सत्र में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए समसामयिक मुद्दों पर चाणक्य की विचारधारा और दर्शन की

प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र के प्रो. रंजन अनेजा ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पुस्तक 'अर्थशास्त्र' के बारे में बताया जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास शामिल है। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि चाणक्य विचारधारा और दर्शन वर्तमान परिदृश्य में अभी भी प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शिक्षा प्रणाली, धन वितरण, शासन, कूटनीति आदि क्षेत्रों में योगदान देकर चाणक्य रणनीति दुनिया को बदल सकती है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चाणक्य नीति पर अपने विचार साझा किए और प्राचीन इतिहास, महाभारत जैसे साहित्य पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने जीडीपी गणना पर जोर दिया और यह बताकर चिंता जताई कि हम जो भी उत्पादन करते हैं उसका उपभोग हमारे द्वारा किया जाता है और उपभोग का हिस्सा भारत की जीडीपी गणना में शामिल नहीं है।

सेमिनार में मुख्य वक्ता प्रो. एन.के. बिश्नोई ने वर्तमान विश्व में प्रासंगिकता के साथ चाणक्य विचारधारा और दर्शन के व्यापक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कौटिल्य के अर्थशास्त्र, कौटिल्य के दर्शन, कौटिल्य के वैचारिक ढांचे, कौटिल्य की विदेश नीति के तरीकों, कौटिल्य के राजनीतिक दृष्टिकोण, प्रशासन के बारे में विचार, अर्थशास्त्र में आर्थिक सोच, सार्वजनिक वस्तुओं का प्रावधान, कीमत की धारणा आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य अतिथि श्री राज नेहरु ने कहा कि चाणक्य के सोचने के स्तर और गुणवत्ता पर हमें गर्व होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चाणक्य की नीतियाँ लगभग तीन हजार वर्ष बाद आज भी प्रासंगिक है। श्री नेहरु ने चाणक्य की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन क्षमता, अध्यापन कला का भी जिक्र किया और बताया कि किस तरह से उनसे सीख लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने सभी से चाणक्य के बारे में अध्ययन कर नए भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में मंच का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रेनु ने किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि चाणक्य विचारधारा का भारतीय राजनीतिक और आर्थिक विचारों पर स्थायी प्रभाव पड़ा, जो व्यावहारिकता, शासन कला आदि पर जोर देता है।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमनदीप वर्मा ने प्रस्तुत किया। आयोजन में सुश्री रेणु, डॉ. रितु, सुश्री अंजु, डॉ. अमनदीप वर्मा, प्रो. रणबीर सिंह, प्रो. आशीष माथुर, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. आर.पी. मीणा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुमन, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. के.आर. पलसानिया महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सेमिनार में विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री संवाद आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरुआत होती है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपना कार्यक्षेत्र तय करने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राजेश बादल ने कहा कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने करियर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया उद्योग आज देश में सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग है जिसके कारण इसमें रोजगार की नई नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न 10 सत्रों में मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं का आमंत्रित किया गया है।

प्राइम टाइम एंकर सैफराज सैफी ने टेलीविजन क्षेत्र में एंकरिंग के लिए जरूरी तैयारी और करियर संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पढना अच्छी एंकरिंग का आधार है। यदि आप अच्छा पढ़ेंगे तो अच्छा लिख सकेंगे और अच्छा बोल सकेंगे। तभी आगे बढ़ सकेंगे। वरिष्ठ पत्रकार विशाल जोशी ने बताया कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। जो छात्रों के लिए अच्छा है।

इंटरनेट मीडिया के दौर में त्वरित सूचनाओं के समय में प्रिंट मीडिया में अभी भी क्यों और कैसे ककारों पर ध्यान दिया जाता है। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. संतोष कुमार हुलगबलि ने विद्यार्थियों को ई-संसाधनों की जानकारी देते हुए शिक्षा, अनुसंधान और पत्रकारिता डेटा के लिए ई-संसाधनों की पहुंच और उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डा. पंकज कुमार, डा. सुरेंद्र, डा. भारती बत्रा सहित विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री संवाद आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरूआत होती है। इससे विद्यार्थियों को अपना कार्यक्षेत्र तय करने में मदद मिलती है। मुख्य वक्ता पत्रकार राजेश बादल ने कहा है कि विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कॅरियर के विकल्प चुने।

हकेंवि में समूह चर्चा का किया आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में व्यापक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उच्च शिक्षा में क्षमता निर्माण गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम, कुशल स्नातकों को तैयार करने में सहायक हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रो. आकाश सक्सेना ने भविष्य में भी इसी तरह की गतिविधियों के आयोजन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ाने में ऐसे प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास व्यक्त किया।

हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

ह्यूमन इंडिया/मनोज गोयल गुडियानिया

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री संवाद आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरूआत होती है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपना कार्यक्षेत्र तय करने में मदद मिलती है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राजेश बादल ने कहा है कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कॅरियर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया उद्योग आज

देश में सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग है जिसके कारण इसमें रोजगार की नई नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। राजेश बादल ने वर्तमान समय में मीडिया विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता वर्तमान समय में विश्व में सबसे अधिक विकसित एवं विस्तृत इंडस्ट्री बन चुका है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थी को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय एवं उद्योग के बारे में जागरूक करना है ताकि वे सत्र के शुरूआत में ही मीडिया उद्योग में अपनी भूमिका का चयन कर सकें। इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न 10 सत्रों में मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं का आमंत्रित किया गया है। न्यूज इंडिया के प्राइम टाइम एंकर सैफराज सैफी ने टेलीविजन क्षेत्र में एंकरिंग के लिए जरूरी तैयारी और करियर संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पढना अच्छी एंकरिंग का आधार है। यदि आप अच्छा पढ़ेंगे तो अच्छा लिख सकेंगे और अच्छा बोल सकेंगे। मीडिया क्षेत्र में सबसे जरूरी है- जिद जज्बा और जुनून। मीडिया इंडस्ट्री में कोई शॉर्टकट नहीं है सतत कार्य एवं प्रयास ही सफलता की कुंजी है। वरिष्ठ पत्रकार विशाल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। सोशल मीडिया के दौर में त्वरित सूचनाओं के समय में प्रिन्ट मीडिया में अभी भी क्यों और कैसे ककारों पर ध्यान दिया जाता है। टेलिविजन न्यू मीडिया अथवा अन्य माध्यमों पर सर्व प्रथम खबर प्रकाशित करने की जल्दी में तथ्यों की जाँच के लिए कम समय रहता है यही कारण है कि आज भी प्रिन्ट पत्रकारिता अधिक विश्वसनीय है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार हुलगबलि ने विद्यार्थियों को ई-संसाधनों की जानकारी देते हुए शिक्षा, अनुसंधान और पत्रकारिता डेटा के लिए ई-संसाधनों की पहुंच और उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज कर्ण सिंह एवं डॉ आलेख नायक ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन आजतक के डिप्टी संपादक आशुतोष मिश्रा, पीआर गुरू सुरेश गौर, भारतीय जनसंचार संस्थान की प्रोफेसर अनुभूति यादव एवं राज्य सभा चैनल के सीईओ राहुल महाजन विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ पंकज कुमार, डॉ सुरेंद्र, डॉ भारती बत्रा सहित विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना

ह्यूमन इंडिया का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

ह्यूमन इंडिया दैनिक समाचार पत्र फरीदाबाद में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें:

हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

खोजी/मनोज गोयल

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सत्रारंभ में इस प्रकार के शैक्षणिक एवं इंडस्ट्री संवाद आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान और डिग्री के साथ कौशल अनिवार्य है। एक अच्छी शुरुआत से ही शिक्षण सत्र के बेहतरीन शुरूआत होती है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपना कार्यक्षेत्र तय करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राजेश बादल ने कहा है कि मीडिया के वर्तमान विद्यार्थियों को मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक कार्यक्षेत्र चुनने की बजाए नए क्षेत्रों को अपने कॅरियर के विकल्प के रूप में चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया उद्योग आज देश में सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग है जिसके कारण इसमें रोजगार की नई नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। राजेश बादल ने वर्तमान समय में मीडिया विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता वर्तमान समय में विश्व में



सबसे अधिक विकसित एवं विस्तृत इंडस्ट्री बन चुका है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थी को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय एवं उद्योग के बारे में जागरूक करना है ताकि वे सत्र के शुरूआत में ही मीडिया उद्योग में अपनी भूमिका का चयन कर सकें। इंडक्शन कार्यक्रम में विभिन्न 10 सत्रों में मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं का आमंत्रित किया गया है। न्यूज इंडिया के प्राइम टाइम एंकर सैफराज सैफी ने टेलीविजन क्षेत्र में एंकरिंग के लिए जरूरी तैयारी और करियर संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पढना अच्छी एंकरिंग का आधार है। यदि आप अच्छा पढ़ेंगे तो अच्छा लिख सकेंगे और अच्छा बोल सकेंगे। मीडिया क्षेत्र में सबसे जरूरी है- जिद जज्बा और जुनून। मीडिया इंडस्ट्री में कोई शॉर्टकट नहीं है सतत कार्य एवं प्रयास ही सफलता की कुंजी है। वरिष्ठ पत्रकार विशाल जोशी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के अनेकों क्षेत्र विकसित हो रहे है एवं हर क्षेत्र की अपनी विशेषता हैं। सोशल मीडिया के दौर में त्वरित सूचनाओं के समय में प्रिन्ट मीडिया में अभी भी क्यों और कैसे ककारों पर ध्यान दिया जाता है। टेलिविजन न्यू मीडिया अथवा अन्य माध्यमों पर सर्व प्रथम खबर प्रकाशित करने की जल्दी में तथ्यों की जाँच के लिए कम समय रहता है यही कारण है कि आज भी प्रिन्ट पत्रकारिता अधिक विश्वसनीय है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार हुलगबलि ने विद्यार्थियों को ई-संसाधनों की जानकारी देते हुए शिक्षा, अनुसंधान और पत्रकारिता डेटा के लिए ई-संसाधनों की पहुंच और उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज कर्ण सिंह एवं डॉ आलेख नायक ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन आजतक के डिप्टी संपादक आशुतोष मिश्रा, पीआर गुरू सुरेश गौर, भारतीय जनसंचार संस्थान की प्रोफेसर अनुभूति यादव एवं राज्य सभा चैनल के सीईओ राहुल महाजन विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ पंकज कुमार, डॉ सुरेंद्र, डॉ भारती बत्रा सहित विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हकेवि में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और ओजोन से संबंधित अंतरराष्ट्रीय समझौतों के बारे में बताया

महेंद्रगढ़ | हकेवि, महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस-2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल-ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी-20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हमारे जीवन में ओजोन की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया। पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा ने आयोजन की रुपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. कौशिक ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और ओजोन से संबंधित अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों के महत्व पर विस्तार से बताया।

'पर्यावरण संरक्षण में हर व्यक्ति को योगदान देना जरूरी'

ओजोन क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मान्ट्रियल प्रोटोकाल ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी-20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया।

विवि के स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) की अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने हए कार्यक्रम का उद्घाटन करते हमारे जीवन में ओजोन की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया और ओजोन परत की कमी को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डा.मोना शर्मा ने आयोजन की रुपरेखा प्रस्तुत की।

हकेंवि में ओजोन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ कुलपति • सौ. हकेंवि

डा. मोना ने कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुभा कौशिक, हेड सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (जीजीएस आईपीयू), नई दिल्ली का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर कौशिक ने ओजोन निर्माण और क्षरण की प्राकृतिक गतिशीलता पर चर्चा की।

इस मौके पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ग्राम पाठशाला की इस पहल के लिए डा. दुष्यन्त कुमार को नोडल अधिकारी घोषित किया। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक 'टुडेज प्लेनेट' का भी मंचन किया गया। आयोजन में डा. दिनेश कुमार, डा. विक्रम सिंह, डा. अनूप यादव, डा. भूपिंदर पी. सिंह और डा. दुष्यन्त कुमार सहित संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थी व शोधार्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समन्वयक डा. अनीता सिंह ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कार्यक्रम में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सभी उपस्थित लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

संरक्षण का कार्य सभी की प्राथमिकता हो : सत्यव्रत शास्त्री

- कनीना के 50 गांवों के लोगो को इस काम के लिए सम्मानित किया गया
- कनीना के बलराम समारोह स्थल पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाद सहयोगी, कनीना: सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था द्वारा सांस्कृतिक अहीरवाल क्षेत्र का ऐतिहासिक इतिहास लेखन के लिए सहयोग करने वाले व्यक्तियों का सम्मान समारोह कनीना के बलराम समारोह स्थल पर आयोजित किया गया। इसमें सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने कहा कि संस्कृति का संरक्षण किसी एक व्यक्ति वर्ग का नाम होकर सभी लोगों का होता है, जो चीज व्यक्ति व्यक्ति, घर-घर मनाई व कराई जाती हैं, वही संस्कृति है। उसका संरक्षण करना ही हमारा उद्देश्य हैं। सत्यव्रत शास्त्री ने कहा हमारे यहां संस्कृति के संरक्षण के कार्य को सर्वदा प्राथमिकता दी और उसी के कारण से हजारों सालों की परंपरा, रीति रिवाज, गीत संगीत रहन-सहन चला रहा है।

सांस्कृतिक अहीरवाल बैठक को संबोधित करते सत्यव्रत शास्त्री • सौ. प्रवक्ता

वर्तमान समय में सांस्कृतिक विरासत के प्रति लोगों का रुझान पाश्चात्य संस्कृति के कारण से कम होता दिखाई दे रहा है। संस्कृति संरक्षण के इस कार्य को अहीरवाल संस्था ने अपने जिम्मे लिया और इसको 12 चरणों के माध्यम से संरक्षित व संवर्धित करने का लक्ष्य रखा है।

सत्यव्रत शास्त्री ने कहा कि अहीरवाल संस्कृति महाभारत काल से आरंभ होकर आजादी के संघर्ष तक विश्व विख्यात रही है। अहीरवाल की धरती ने ऋषि मुनि त्यागी तपस्वी वीर योद्धाओं को जन्म दिया जिसने सारे विश्व को प्रभावित किया है। कार्यक्रम मंच संचालन करते हुए संभाग प्रमुख सुरेंद्र प्राध्यापक ने कनीना इकाई के इतिहास लेखन में सहयोग करने का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कनीना के 50 गांवों के लोगो को इस काम के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिलावर सिंह, विजयपाल सेहलंगिया, शमशेर कोसलिया, हेमराज बाघोत, सूरत सिंह धनौंदा, दयानंद सीहोर, वीरेंद्र सिंह गाहड़ा, राधेश्याम कोटिया, कप्तान वीरेंद्र सिंह करीरा, जगदेव ,देवदत्त, एडवोकेट रमेश ककराला, सतीश आर्य रसूलपुर, सतीश कुमार मुंडिया खेड़ा, प्रमेंद्र मंडिया खेडा आदि मौजद रहे।

हकेंवि में मनाया ओजोन दिवस

महेंद्रगढ़ स्थित हकेंवि में ओजोन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी कुलपति व शिक्षकों के साथ। -निस

महेंद्रगढ़ (हप्र) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया।

दैनिक ट्रिब्यून Mon, 18 September 2023
https://epaper.dainiktribune

हकेंवि में ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

सभी ओजोन व क्षयकारी पदार्थों में कमी करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस-2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया। विवि के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज (एसआईएएस) की अधिष्ठाता प्रोफेसर नीलम सांगवान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हमारे जीवन में ओजोन की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में प्रतिभागी कुलपति व शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

'टुडेज प्लैनेट' नाटक का मंचन

डॉ. मोना ने कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुभा कौशिक, हेड सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (जीजीएस आईपीयू), नई दिल्ली का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर कौशिक ने ओजोन निर्माण और क्षरण की प्राकृतिक गतिशीलता पर चर्चा की। उन्होंने ओजोन क्षरण को तेज करने वाली मानवीय गतिविधियों पर भी चर्चा की जो ओजोन क्षरण को तेज करते हैं। प्रोफेसर कौशिक ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और ओजोन से संबंधित अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों के महत्व पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान 'ग्राम पाठशाला' संस्था के सदस्य अजयपाल नागर ने 15 अगस्त 2027 तक देशभर के सभी गांवों में 663,469 पुस्तकालय स्थापित करने के संगठन के मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ग्राम पाठशाला और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच सहयोग के माध्यम से आसपास के गांवों में पुस्तकालय स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। इस मौके पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ग्राम पाठशाला की इस पहल के लिए डॉ. दुष्यंत कुमार को नोडल अधिकारी घोषित किया। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक 'टुडेज प्लैनेट' का भी मंचन किया गया।

दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने की आवश्यकता: प्रो. टंकेश्वर कुमार

•ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 17 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुक्सान को कम करना निर्धारित किया गया था।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में ओजोन-क्षयकारी पदार्थों की कमी करने की आवश्यकता है।

ओजोन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी कुलपति व शिक्षकों के साथ।

उन्होंने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी-20 मंत्र का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हमारे जीवन में ओजोन की भूमिका से प्रतिभागियों को अवगत कराया और ओजोन परत की कमी को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा ने आयोजन की रुपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने ओजोन परत की सुरक्षा और संरक्षण के लिए रसायनों के उपयोग को कम करने का आह्वान किया और आगे बताया कि कैसे ओजोन परत हमें हानिकारक यूवी विकिरण से बचाती है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करती है।

डॉ. मोना ने कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. अनुभा कौशिक, हैड सैंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी , नई दिल्ली का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. कौशिक ने ओजोन निर्माण और क्षरण की प्राकृतिक गतिशीलता पर चर्चा की। उन्होंने ओजोन क्षरण को तेज करने वाली मानवीय गतिविधियों पर भी चर्चा की जो ओजोन क्षरण को तेज करते हैं। प्रो. कौशिक ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और ओजोन से संबंधित अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के महत्व पर विस्तार से बताया।

शिक्षा

हकेंवि में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं पर केंद्रित दस दिवसीय प्रदर्शनी की हुई शुरुआत

बालमुकुंद गुप्त बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा : प्रो. टंकेश्वर

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित दस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज द्वारा तैयार रचना पोस्टर प्रदर्शनी का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डॉ. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की सराहना की। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 27 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. अजयपाल, डॉ. सुमन रानी, डॉ. नवीन सहित विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

'बालमुकुंद गुप्त बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा'

महेंद्रगढ़ | हकेवि महेंद्रगढ़ में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित दस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज के द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया। कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डॉ. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की। आयोजन के दौरान डॉ. अमित मनोज ने विस्तारपूर्वक विभिन्न रचनाओं और उनके अर्थ की व्याख्या कुलपति के समक्ष प्रस्तुत की। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 27 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

बालमुकुंद गुप्त के बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा: प्रो. टंकेश्वर कुमार

-हकेवि में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं केंद्रित दस दिवसीय प्रदर्शनी की हुई शरुआत

चेतना संवाददाता।
महेन्द्रगढ़।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित इस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज के द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया।

कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई गई इस रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त के द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डॉ. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की।

आयोजन के दौरान डॉ. अमित मनोज ने विस्तार पूर्वक विभिन्न रचनाओं और उनके अर्थ की व्याख्या कुलपति के समक्ष प्रस्तुत की। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 27 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. अजयपाल, डॉ. सुमन रानी, डॉ. नवीन सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

'बालमुकुंद गुप्त बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा'

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हकेंवि महेंद्रगढ़ में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित इस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डा. अमित मनोज के द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया।

कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

रचना पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. प्रवक्ता

विवि के शैक्षणिक खंड चार में लगाई गई इस रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त के द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डा. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की।

बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई

महेंद्रगढ़,18 सितंबर (हप्र)

बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) में उनकी रचनाओं पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयास से हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद किया और कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। कार्यक्रम में हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीरपाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त की रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, शैलेंद्र सिंह, डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. अजयपाल, डॉ. सुमन रानी, डॉ. नवीन मौजूद थे।

बालमुकुंद गुप्त बिना हिन्दी साहित्य का अध्ययन अधूरा

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रीत दस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज के द्वारा तैयार रचना पोस्टर प्रदर्शनी का सोमवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया। कुलपति ने इस अवसर पर हिन्दी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिन्दी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई गई इस रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त के द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

बालमुकुंद गुप्त बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा: प्रो. टंकेश्वर कुमार

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रो. सुरेंद्र सिंह।

महेंद्रगढ़, 18 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में बालमुकुंद गुप्त की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी रचनाओं पर केंद्रित इस दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी की शुरुआत हुई।

विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग व हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के संयुक्त प्रयासों से विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अमित मनोज के द्वारा तैयार 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ किया।

कुलपति ने इस अवसर पर हिंदी साहित्य एवं पत्रकारिता के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके बिना हिंदी साहित्य का अध्ययन अधूरा है। इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह व हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीर पाल सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में लगाई गई इस रचना पोस्टर प्रदर्शनी में बालमुकुंद गुप्त के द्वारा रचित रचनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें उनके द्वारा आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विचारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि यह प्रदर्शनी अवश्य ही विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य के बड़े रचनाकार बालमुकुंद गुप्त को करीब से जानने का अवसर प्रदान करेगी।

विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम 27 को

उन्होंने इस आयोजन के लिए राजभाषा अनुभाग, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति व डॉ. अमित मनोज व उनके सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की। आयोजन के दौरान डॉ. अमित मनोज ने विस्तार पूर्वक विभिन्न रचनाओं और उनके अर्थ की व्याख्या कुलपति के समक्ष प्रस्तुत की।

हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ हो गया है और आगामी 27 सितंबर तक विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. देवेंद्र राजपूत, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय शिक्षक डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश कुमारी, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. रीना स्वामी, डॉ. अजयपाल, डॉ. सुमन रानी, डॉ. नवीन सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की हुई शुरुआत

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण के लिए फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के संजय मोरे उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम के निदेशक संजय मोरे व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में फिल्म निर्माण व अभिनय की कला से अवगत किया जा रहा है। संवाद

हकेवि में दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला का शुभारंभ

महेंद्रगढ़ | हकेवि में मंगलवार से दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर के मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के संजय मोरे उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के कार्यक्रम निदेशक संजय मोरे व विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में फिल्म निर्माण व अभिनय की कला से अवगत किया जा रहा है।

दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत

संस, महेंद्रगढ़ : हकेंवि में मंगलवार से दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर के मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण के लिए फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, पुणे के संजय मोरे उपस्थित रहे। कुलपति ने संदेश के माध्यम से इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। इस कार्यशाला के कार्यक्रम निदेशक संजय मोरे व विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। विवि में इस पाठ्यक्रम के समन्वयक डा. पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में फिल्म निर्माण व अभिनय की कला से अवगत किया जा रहा है।

हकेंवि में दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दस दिवसीय फिल्म एक्टिंग कार्यशाला की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर के मार्गदर्शन व संरक्षण में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण हेतु फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे के संजय मोरे उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधि करेंगे हकेंवि का शैक्षणिक भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधि वीरवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) का शैक्षणिक भ्रमण के लिए आएगें।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य दोनों ही संस्थानों के बीच आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध के स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं को मूर्त रूप देना है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि तीन सदस्यों का यह प्रतिनिधि मंडल विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों के आधार पर आपसी सहयोग के लिए संभावनाएं तलाशेगा, जिसमें ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम प्रमुख रूप से शामिल है।

विवि के अंतरराष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय की ओर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्तर पर देश-विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की दिशा में प्रयास करना है। तीन सदस्यों वाले इस दल में डॉ. ट्रैसी रयान, निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस तथा उप निदेशक प्रो. ची बैक शामिल रहेंगे।

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधि करेंगे हकेंवि का शैक्षणिक भ्रमण

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधि गुरुवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य दोनों ही संस्थानों के बीच आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध के स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं को मूर्त रूप देना है।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि तीन सदस्यों का यह प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों के आधार पर आपसी सहयोग हेतु संभावनाएं तलाशेगा, जिसमें ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम प्रमुख रूप से शामिल है। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य देश-विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की दिशा में प्रयास करना है।

Representatives of University of Melbourne will conduct academic visit of CUH

MAHENDRAGARH : Representatives of the Center for the Study of Higher Education at the University of Melbourne, Australia are reaching Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh on Thursday for an academic visit. The objective of this visit is to materialize the possibilities available at the level of study, teaching and research with mutual partnership between both the institutions. The Vice Chancellor of the University Prof. Tankeshwar Kumar said that this delegation of three members will explore possibilities for mutual cooperation on the basis of various educational resources available in the University, which mainly includes the Graduate Certificate in University Teaching. Prof. Dinesh Chahal, Dean, International Affairs of the University said that the purpose of this visit is to make efforts on behalf of the Ministry of Education towards partnership with educational institutions

of the country and abroad at the level of various universities. He told that this team of three members includes Dr. Tracii Ryan, Director Prof. Sophie Arkoudis and Deputy Director Prof. Chi Baik will be included. He said that we hope that this educational tour will pave the way for mutual partnership with the University of Melbourne at the level of University teachers and students. In this one-day visit, representatives of the University of Melbourne will especially visit the School of Teacher Education during their tour of the University.

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के प्रतिनिधि करेंगे हकेंवि का शैक्षणिक भ्रमण

महेंद्रगढ़, 20 सितम्बर (परमजीत, मोहन): यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, आस्ट्रेलिया के सैंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधि गुरुवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य दोनों ही संस्थानों के बीच आपसी सांझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध के स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं को मूर्त रूप देना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि 3 सदस्यों का यह प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों के आधार पर आपसी सहयोग हेतु संभावनाएं तलाशेगा, जिसमें ग्रैजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम प्रमुख रूप से शामिल है।

विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य शिक्षा मंत्रालय की ओर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्तर पर देश-विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की दिशा में प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि 3 सदस्यों वाले इस दल में डॉ. ट्रैसी रयान, निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस तथा उप निदेशक प्रो. ची बैक शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों के स्तर पर यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के साथ आपसी सांझेदारी का मार्ग प्रशस्त होगा। एक दिवसीय इस यात्रा में यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय के भ्रमण के दौरान विशेष रूप से शिक्षक शिक्षा पीठ का दौरा करेंगे।

विद्यार्थियों ने स्किट, स्केच, लघु फिल्मों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया

हकेंवि में चंद्रयान-3 उत्सव का हुआ आयोजन

कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

उपस्थित प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, शिक्षक व विद्यार्थी।

नीरज कौशिक

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा 'चंद्रयान -3 उत्सव' का आयोजन किया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्किट, स्केच, लघु फिल्मों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि तथा भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह मिशन केवल इसरो की सफलता का तो है ही। साथ ही यह मिशन उन स्कूलों और संस्थानों सहित पूरे भारत वर्ष की सफलता का भी है, जहां से वैज्ञानिक आते हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को गर्व है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

तत्पश्चात कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलम सांगवान ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बताया कि कैसे इसरो ने चंद्रयान-3 को विकसित कर मिशन को अंजाम दिया। स्केच प्रतियोगिता में इसरो के पहले रॉकेट लॉन्च से लेकर चंद्रयान 3 की सफलता तक की यात्रा को प्रदर्शित किया। लघु फिल्म के माध्यम से बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता देश और इसके विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा साझा किये गये विचारों की सराहना की। कार्यक्रम में मंच का संचालन अक्षय, संदीप व जितेन ने तथा समन्वय शोधार्थी निशा यादव ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। धन्यवाद ज्ञापन मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया। भाषण एवं रेखाचित्र गतिविधियों का संचालन मोहनी एवं नेहा सैनी ने किया। प्रो. बीर पाल सिंह यादव, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. मोना शर्मा ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में भूमिका निभाई। आयोजन में डॉ. अंतरेश कुमार, डॉ. उन्मेश कुमार, डॉ. नीलम यादव सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से क्षमता निर्माण पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएच.डी. कार्यक्रमों अध्ययनरत छात्राओं की क्षमता निर्माण व व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम (पीडीपी) का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने छात्राओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की महिला संयोजक डॉ. रेनु यादव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम व समकालीन युग में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस पर अवसर हरियाणा पर्यटन विभाग के अध्यक्ष अरविंद यादव ने प्रतिभागियों को छात्राओं की क्षमता निर्माण के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। दिल्ली नॉन कॉलेजिएट सेंटर की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर विस्तृत चर्चा की। सेवानिवृत्त आईएएस सुश्री सुमेधा कटारिया ने व्यक्तिगत क्षमता निर्माण के बारे में प्रकाश डाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन के अधिष्ठता प्रो. विशाल सूद ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल प्लेटफॉर्म अपराधों और सुरक्षा के प्रावधानों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. स्वाति, संस्कृत से डॉ. सुमन और अर्थशास्त्र से सुश्री रेनू के साथ स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चंद्रयान-3 की सफलता पर पूरे विश्व को गर्व

संवाद न्यूज एजेंसी

चंद्रयान-3 उत्सव पर विभिन्न गतिविधियों का किया प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा 'चंद्रयान -3 उत्सव' का आयोजन किया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्किट, स्केच, लघु फिल्मों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि तथा भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह मिशन केवल इसरो की सफलता का तो है ही। साथ ही यह मिशन उन स्कूलों और संस्थानों सहित पूरे भारत वर्ष की सफलता का भी है, जहां से वैज्ञानिक आते हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को गर्व है। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलम सांगवान ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बताया कि कैसे इसरो ने चंद्रयान-3 को विकसित कर मिशन को अंजाम दिया। भाषण एवं रेखाचित्र गतिविधियों का संचालन मोहनी एवं नेहा सैनी ने किया। प्रो. बीर पाल सिंह यादव, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. मोना शर्मा ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में भूमिका निभाई। आयोजन में डॉ. अंतरेश कुमार, डॉ. उन्मेश कुमार, डॉ. नीलम यादव सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा

साझेदारी के अंतर्गत ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग की हो सकती है शुरुआत

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने किया हकेंवि का भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने वीरवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर दोनों ही संस्थानों के बीच प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम की शुरुआत पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आशा जताई कि इस भ्रमण के परिणाम स्वरूप जल्द ही दोनों संस्थानों आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध की दिशा में काम करेंगे।

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों के साथ वीसी टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के लिए आए यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों में निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस, उप निदेशक प्रो. ची बैक तथा डॉ. ट्रैसी रयान शामिल रहे। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में सर्वप्रथम इन प्रतिनिधियों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय केंद्र सरकार द्वारा संचालित राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है। हमारे यहां नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद देश विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ आपसी साझेदारी की भरपूर संभावनाएं उपलब्ध है। प्रो. एके यादव ने विश्वविद्यालय से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के पश्चात दोनों ही संस्थानों के प्रतिनिधियों ने आपसी सहयोगी की संभावनाओं पर विचार किया।

इसमें ज्वाइंट पीएचडी सुपरविजन, ज्वाइंट रिसर्च प्रोजेक्ट, ज्वाइंट सर्टिफिकेट प्रोग्राम, करिकुलम एंड फैकल्टी डेवलेपमंट प्रोग्राम, शॉर्टटर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, वर्कशॉप, सेमिनार व कांफ्रेंस प्रमुख रहे। चर्चा के उपरांत सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन की निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस ने कहा कि दोनों ही संस्थानों के बीच आपसी सहयोग की विभिन्न संभावनाएं उपलब्ध हैं और जल्द ही हम विभागीय स्तर पर इस दिशा में साझेदारी स्थापित कर आगे बढ़ेंगे। इसी क्रम में उप निदेशक प्रो. ची बैक ने यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम विषय के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने स्कूल ऑफ एजुकेशन का दौरा किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं को देखा। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. किरण रानी ने किया।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन दोनों संस्थानों के बीच साझेदारी स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. विकास गर्ग, प्रो. गुंजन गोयल, प्रो. फूल सिंह, प्रो. एके यादव, प्रो. पायल चंदेल, प्रो. नंद किशोर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हकेंवि में चंद्रयान-3 को लेकर उत्सव का हुआ आयोजन

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा 'चंद्रयान -3 को लेकर उत्सव का आयोजन किया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्किट, स्केच, लघु फिल्मों पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि तथा भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि यह मिशन केवल इसरो की सफलता का तो है ही। साथ ही यह मिशन उन स्कूलों और संस्थानों सहित पूरे भारत वर्ष की सफलता का भी है, जहां से वैज्ञानिक आते हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को गर्व है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलम सांगवान ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बताया कि कैसे इसरो ने चंद्रयान-3 को विकसित कर मिशन को अंजाम दिया। स्केच प्रतियोगिता में इसरो के पहले राकेट लांच से लेकर चंद्रयान 3 की सफलता तक की यात्रा को प्रदर्शित किया। लघु फिल्म के माध्यम से बताया कि चंद्रयान-3 की सफलता देश और इसके विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। निर्णायकों ने प्रतिभागियों द्वारा साझा किये गये विचारों की सराहना की। कार्यक्रम में मंच का संचालन अक्षय, संदीप व जितेन ने तथा समन्वय शोधार्थी निशा यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया। भाषण एवं रेखाचित्र गतिविधियों का संचालन मोहनी एवं नेहा सैनी ने किया। प्रो. बीर पाल सिंह यादव, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, प्रो. पवन कुमार मौर्य, डा. मोना शर्मा ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में भूमिका निभाई। आयोजन में डा. अंतरेश कुमार, डा. उन्मेश कुमार, डा. नीलम यादव सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ●

महिला आयोग के सहयोग से क्षमता निर्माण पर हुआ कार्यक्रम

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हकेंवि, महेंद्रगढ़ द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी कार्यक्रमों अध्ययनरत छात्राओं की क्षमता निर्माण व व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम (पीडीपी) का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने छात्राओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला। विवि के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की महिला संयोजक डा. रेनु यादव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। इस पर अवसर हरियाणा पर्यटन विभाग के अध्यक्ष अरविंद यादव ने प्रतिभागियों को छात्राओं की क्षमता निर्माण के लिए सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। दिल्ली नान कालेजिएट सेंटर की निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर विस्तृत चर्चा की। शारीरिक शिक्षा विभाग से डा. स्वाति और अर्थशास्त्र से रेनू के साथ स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों ने किया हकेवि का **शैक्षणिक भ्रमण**

केंद्रीय विश्वविद्यायय में ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम की शुरुआत पर चर्चा

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, आस्ट्रेलिया के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ हॉयर एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर दोनों ही संस्थानों के बीच प्रमुख रूप से शिक्षक शिक्षा विभाग के अंतर्गत ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन यूनिवर्सिटी टीचिंग प्रोग्राम की शुरुआत पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आशा जताई कि इस भ्रमण के परिणामस्वरूप जल्द ही दोनों संस्थान आपसी साझेदारी के साथ अध्ययन-अध्यापन व शोध की दिशा में काम करेंगे। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण हेतु आए यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों में निदेशक प्रो. सोफी अरकौडिस, उप निदेशक प्रो. ची बैक और डॉ. ट्रैसी रयान शामिल रहे। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक खंड में सर्वप्रथम इन प्रतिनिधियों का पारम्परिक ढंग से स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व प्रगति से अवगत कराया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय केंद्र सरकार द्वारा संचालित राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है। हमारे यहां नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद-देश विदेश के शिक्षण संस्थानों के साथ आपसी साझेदारी की भरपूर संभावनाएं उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में इंडस्ट्री और एजुकेशन का मेल मिलता है जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। हमारी शिक्षा व्यवस्था ऑस्ट्रेलिया में उपलब्ध शिक्षा के अनुरूप है और यह आपसी साझेदारी में सहयोगी होगी। इसके पश्चात प्रो. ए.के. यादव ने विश्वविद्यालय से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया।

यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते कुलपति।

कौशल निर्माण में प्रशिक्षण एक प्रमुख घटक

ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक डॉ. आकाश सक्सेना ने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दूरगामी प्रभाव के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों की उपयोगिता न सिर्फ अच्छे रोजगार के अवसर प्राप्त करने में है अपितु कौशल निर्माण में ये प्रशिक्षण एक प्रमुख घटक है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के उपनिदेशक डॉ. तरुण, डॉ. कपिल व डॉ. दिव्या ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंग दान एक महान कार्य: प्रो. टंकेश्वर

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति के साथ विद्यार्थी एवं शिक्षक।

महेंद्रगढ़ (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग द्वारा सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फैडरेशन ऑफ इंटरनैशनल फार्मासिस्ट (एफ.आई.पी.) और फार्मेसी काऊंसिल ऑफ इंडिया (पी.सी.आई.) फार्मासिस्टों को इस दिन का उपयोग उन गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो दुनिया के हर कोने में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका को बढ़ावा देते हैं।

इस वर्ष पी.सी.आई. ने लोगों को जागरूक करने और अंगदान के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'फार्मेसी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना-अंगदान महादान' विषय पर विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अंग दान एक महान कार्य है जो किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण दे सकता है जो किसी विशेष अंग या अंग की विफलता के कारण कई वर्षों से पीड़ित हैं।

विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि यह कार्यक्रम अंगदान के लिए हस्ताक्षर करने के लिए वयस्कों की इच्छुक भागीदारी को बढ़ाता है।

कार्यक्रम के संयोजक और विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को हमारे समाज में रोगी देखभाल के प्रति फार्मासिस्ट के योगदान के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अंगदान हेतु पंजीकरण किया।

पत्रकार बनने के लिए दृष्टिकोण का वैश्विक होना जरूरी : नारायणन

संवाद न्यूज एजेंसी

हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल व तकनीक विषय पर कार्यशाला का आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जर्मनी के एआरडी टेलीविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पीएन नारायणन और अरब समाचार के देश से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रकारिता करने के बारे में प्रशिक्षित किया। दक्षिण एशिया में बंग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, भूटान सहित अनेक देशों को पिछले 25 वर्षों से कवर कर रहे पत्रकारों ने विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में भी चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती हैं। पीएन नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं।

उन्होंने प्रिंट मीडिया को एक मल्टीमीडिया परिदृश्य के रूप में वर्णित किया जहां एक ही समय में कई काम करने की जरूरत होती है। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने दोनों वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि जी 20 सम्मेलन पत्रकारिता की दृष्टि से एक बड़ी घटना एवं कहानी थी।

वैश्विक मीडिया ने इस कहानी को कैसे रिपोर्ट किया इसे पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थी समझ सकें। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक आलेख नायक ने सभी वक्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. भारती बत्रा सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

यूनिवर्सिटी कनेक्ट का दिखाया प्रसारण

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता पूरे देश की सफलता है। इस आयोजन ने भारत को जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उसे देखकर दुनिया चकित है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन ने केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में दिखाए गए सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के 250 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कर्मचारियों ने देखा। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल उपस्थित रहे। संवाद

हकेवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का हुआ सीधा प्रसारण

चेतना ब्यूरो।
महेन्द्रगढ़।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता पूरे देश की सफलता है। इस आयोजन ने भारत को जिस ऊँचाई पर पहुँचा दिया है, उसे देखकर दुनिया चकित है। युवा ही वह शक्ति है जो इस तरह के आयोजनों की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बीते 30 दिनों के भीतर भारत के विकास में योगदान देने वाली विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया और स्वच्छाग्रह व लोकल फोर वोकल की सफलता हेतु युवा पीढ़ी से उनका सहयोग मांगा। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के नोडल ऑफिसर प्रो. गौरव सिंह व शिक्षा पीठ के द्वारा आयोजित जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन ने केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत उद्बोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही हर बार की तरह इस बार भी युवा पीढ़ी उनके आह्वान में साझेदार बनेगी और इस मुहिम में विश्वविद्यालयों सहित शिक्षण संस्थानों का योगदान उल्लेखनीय रहेगा। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में दिखाए गए सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के 250 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कर्मचारियों ने देखा और इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल आदि उपस्थित रहे।

'अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने के लिए दृष्टिकोण का वैश्विक होना जरूरी'

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जर्मनी के एआरडी टेलिविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पीएन नारायणन एवं अरब समाचार के भारत से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित किया व उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रकारिता करने के बारे में प्रशिक्षित किया।

दक्षिण एशिया में बंग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, भूटान सहित कई अन्य देशों को पिछले 25 वर्षों से कवर कर रहे पत्रकारों ने विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती हैं। पीएम नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं। उन्होंने कहा कि असली पत्रकार वही है जो अपनी कहानी को संदर्भ प्रदान कर सके। कहानी ऐसी होनी चाहिए जिसका एक शुरुआत, मध्य और अंत हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे मोबाइल व मल्टीमीडिया को अपने साथी बनाएं।

जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का हुआ सीधा प्रसारण

इस तरह के आयोजन में महत्वपूर्ण होता है युवाओं की भूमिका

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता पूरे देश की सफलता है। इस आयोजन ने भारत को जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उसे देखकर दुनिया चकित है। युवा ही वह शक्ति है जो इस तरह के आयोजनों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। प्रधानमंत्री ने बीते 30 दिनों के भीतर भारत के विकास में योगदान देने वाली विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया और स्वच्छाग्रह व लोकल फोर वोकल की सफलता के लिए युवा पीढ़ी से उनका सहयोग मांगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के नोडल आफिसर प्रो. गौरव सिंह व शिक्षा पीठ के द्वारा आयोजित जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन ने केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है।

हकेंवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का सीधा प्रसारण देखते कुलपति ● सौ. प्रवक्ता

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत उद्बोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही हर बार की तरह इस बार भी युवा पीढ़ी उनके आह्वान में साझेदार बनेगी और इस मुहिम में विश्वविद्यालयों सहित शिक्षण संस्थानों का योगदान उल्लेखनीय रहेगा।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में दिखाए गए सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के 250 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कर्मचारियों ने देखा और इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल आदि उपस्थित रहे।

'अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने के लिए दृष्टिकोण का वैश्विक होना जरूरी'

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जर्मनी के एआरडी टेलिविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पीएन नारायणन एवं अरब समाचार के भारत से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित किया व उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने व अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रकारिता करने के बारे में प्रशिक्षित किया।

दक्षिण एशिया में बंग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, भूटान सहित कई अन्य देशों को पिछले 25 वर्षों से कवर कर रहे पत्रकारों ने विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतरराष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती हैं। पीएम नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं। उन्होंने कहा कि असली पत्रकार वही है जो अपनी कहानी को संदर्भ प्रदान कर सके। कहानी ऐसी होनी चाहिए जिसका एक शुरुआत, मध्य और अंत हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे मोबाइल व मल्टीमीडिया को अपने साथी बनाएं।

हकेवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का हुआ सीधा प्रसारण



रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता पूरे देश की सफलता है। इस आयोजन ने भारत को जिस ऊँचाई पर पहुँचा दिया है, उसे देखकर दुनिया चकित है। युवा ही वह शक्ति है जो इस तरह के आयोजनों की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बीते 30 दिनों के भीतर भारत के विकास में योगदान देने वाली विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख भी अपने संबोधन में किया और स्वच्छाग्रह व लोकल फोर वोकल की सफलता हेतु युवा पीढ़ी से उनका सहयोग मांगा।

हरियाणाकेंद्रीय विश्वविद्यालय में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के नोडल ऑफिसर प्रो. गौरव सिंह व शिक्षा पीठ के द्वारा आयोजित जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन ने केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत उद्बोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही हर बार की तरह इस बार भी युवा पीढ़ी उनके आह्वान में साझेदार बनेगी और इस मुहिम में विश्वविद्यालयों सहित शिक्षण संस्थानों का योगदान उल्लेखनीय रहेगा। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में दिखाए गए सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के 250 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कर्मचारियों ने देखा और इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल आदि उपस्थित रहे।

हकेंवि में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का सीधा प्रसारण

महेंद्रगढ़ (हप्र) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन न केवल जनभागीदारी का अप्रतिम उदाहरण है वरन विविध विषयों जैसे समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान में शोध के नए अवसर प्रदान करता है।विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड चार में दिखाए गए सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के 250 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कर्मचारियों ने देखा और इस अवसर पर प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल आदि उपस्थित रहे।

अतंर्राष्ट्रीय स्तर का पत्रकार बनने के लिए दृष्टिकोण का वैश्विक होना जरूरी

महेंद्रगढ़, 26 सितम्बर (मोहन/परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टिंग कौशल एवं तकनीक जी 20 सम्मेलन के संदर्भ में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जर्मनी के ए.आर.डी. टैलीविजन के दक्षिण एशिया के ब्यूरो चीफ पी.एन. नारायणन एवं अरब समाचार के भारत से पत्रकार संजय कुमार ने कार्यशाला को संबोधित किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों में अंतर्राष्ट्रीय विषयों को सोचने व समझने की क्षमता विकसित करती है।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पी.एम. नारायणन ने कहा कि जी 20 सम्मेलन को चीन, रूस, अमेरिका सहित यूरोप व दक्षिण एशिया सहित दुनिया के 3000 से अधिक पत्रकारों ने कवर किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल पत्रकारों के लिए बल्कि आने वाले पत्रकारों की पीढ़ी के लिए भी सीखने के अवसर होते हैं। उन्होंने कहा कि असली पत्रकार वही है जो अपनी कहानी को संदर्भ प्रदान कर सके।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मोबाइल व मल्टी-मीडिया को अपने साथी बनाएं।

कार्यक्रम के संयोजक आलेख नायक ने सभी वक्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर डा. पंकज कुमार, डा. सुरेंद्र, डा. भारती बत्रा सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में फिल्म अभिनय कार्यशाला का समापन

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय मे भारतीय फिल्म और टेलिविजन संस्थान पुणे व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय फिल्म अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने शामिल होकर विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय निरंतर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है और हम सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक डॉ. पंकज कुमार को बधाई देते हैं। उम्मीद यह है कि जल्दी ही हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी फिल्मों में कार्य करते हुए नजर आएंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, डॉ. भारती बत्रा, डॉ. आलेख, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. नीरज कर्ण सिंह उपस्थित रहे।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ समापन

चेतना ब्यूरो।

महेन्द्रगढ़।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में चल रहे तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम सोमवार को शुरू हुआ था जिसमें पीएच.डी., स्नातकोत्तर, स्नातक व डिप्लोमा कार्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली व उपलब्ध संसाधनों में बारे में समझा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों व सुविधाओं को सुदपयोग करने और शिक्षण अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने अपने संबोधन में विद्यार्थियो के लिए दीक्षारंभ को एक नई शुरूआत बताया और कहा कि अवश्य ही यह आयोजन इस यात्रा में विद्यार्थियों के लिए सहयोगी साबित होगा।

दीक्षारम्भ कार्यक्रम के दौरान में विश्वविद्यालय के शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययन पीठों, विभागों व पाठ्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध अनुसंधान सुविधाओं तथा उनकी कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया।विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. नंद किशोर ने अनुशासनात्मक नियमों के साथ विभिन्न कानूनी प्रावधानों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रोवोस्ट प्रो. पायल कंवर चंदेल व प्रो. बीर पाल सिंह ने छात्रावास सुविधाओं, उनके नियमों व मेडिकल सुविधाओं से तथा डॉ. संतोष सी.एच. ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली तथा सहायक कुलसचिव सुंदर लाल ने विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

दस दिवसीय फिल्म अभिनय कार्यशाला का समापन

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एशिया के सबसे बड़े भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान पुणे व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय फिल्म अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने शामिल होकर विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला में फिल्म संस्थान पुणे से आए संजय मोरे के द्वारा विद्यार्थियों को अभिनय के बारे में बारीकी से जानकारी दी व उनको अभिनय सिखाया। लेकिन अभिनय क्रिया अपने कौशल पर आधारित होती है। हम अपने कौशल के माध्यम से ही अभिनय को प्रभावी बनाकर दूसरो को अपने साथ जोड़ पाते हैं । हम फिल्मों में अभिनेता की जो क्रिया देखते हैं, उसके पीछे काफी मेहनत होती है। अभिनय के लिए निरंतर अभ्यास करना बेहद जरूरी है। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में काफी कौशल है केवल उन्हें रास्ता दिखाने की आवश्यकता है।

निज भाषा प्रेम से ही होगी देश की प्रगति : प्रो. टंकेश्वर कुमार

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें इस पर अभिमान है। हिंदी भारत के स्वाभिमान की परिचायक है। आज समूचे विश्व में हिंदी भाषा को एक प्रमुख भाषा के रूप में पहचाना जा रहा है। निज भाषा के प्रति प्रेम का यही भाव विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी मातृभाषा में शिक्षा की बात करती है। यह प्रमाणित हो चुका है कि हम जिस भाषा में सोचते हैं, उस भाषा में अध्ययन, अध्यापन व शोध सदैव प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। विश्वविद्यालय में 14 से 27 सितंबर के बीच आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2023 के समापन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। हिंदी पखवाडा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आयोजन में सम्मिलित गोद लिए गांवों के विद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों, विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों व विद्यार्थियों का विशेष रूप से इस आयोजन में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ कुलपति • सौ.हकेंवि प्रवक्ता

इनमें विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में छठीं से आठवीं कक्षा वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धोली की प्रिया द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाट का निशांत तृतीय पुरस्कार दिया गया। नौवीं से बारहवीं वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली का विनी प्रथम; व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली की रचना तृतीय स्थान पर रही। विवि के छात्रों व शोधार्थियों के आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में एमएड की प्रिया सैनी ने प्रथम, एमए हिंदी के सौरभ ने द्वितीय तथा पीएचडी हिंदी कर रितांजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विवि के शिक्षकों के लिए आयोजित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में योग विभाग के सहायक आचार्य डा. अजय पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रश्नोतरी व पत्र लेखन प्रतियोगिता में सहायक रामवीर गुर्जर ने प्रथम, निजी सचिव पवन कुमार ने द्वितीय तथा अवर श्रेणी लिपिक प्रीतम कुमार ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

हकेंवि में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थी को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन से संबंधित उद्योग न केवल आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह समाज को सामाजिक दृष्टि से भी उठाने में सहारा प्रदान करते हैं। महेंद्रगढ़ में भी पर्यटन अपार संभावनाएं मौजूद है।

निज भाषा प्रेम से ही होगी प्रगति : टंकेश्वर कुमार

महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुधवार को विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। हप्र

महेंद्रगढ़, 27 सितंबर (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें इस पर अभिमान है। हिंदी भारत के स्वाभिमान की परिचायक है। आज समूचे विश्व में हिंदी भाषा को एक प्रमुख भाषा के रूप में पहचाना जा रहा है। निज भाषा के प्रति प्रेम का यही भाव विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी मातृभाषा में शिक्षा की बात करती है। इसलिए हिंदी भाषा से प्रेम भारत के विकास में सहयोगी है। वे बुधवार को विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

विश्वविद्यालय में 14 से 27 सितंबर के बीच आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2023 के समापन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। इसके पश्चात हिंदी पखवाडा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, निर्णायक मंडल के सदस्य नंद किशोर, नवीन, अजयपाल सहित देवेंद्र राजपूत, अमित मनोज, अमित यादव, दिनेश चौहान, कुलदीप सिंह चौहान, अमित कुमार मौजूद रहे।

हकेंवि में दस दिवसीय फिल्म अभिनय कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़। विद्यार्थी को प्रशंसा पत्र भेंट करते कुलपति टंकेश्वर। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एशिया के सबसे बड़े भारतीय फिल्म और टेलिविजन संस्थान पुणे व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 10 दिवसीय फिल्म अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में फिल्म संस्थान पुणे से आए संजय मोरे के द्वारा विद्यार्थियों को अभिनय के बारे में बारीकी से जानकारी दी व उनको अभिनय सिखाया। उन्होंने कहा कि अभिनय के क्षेत्र में कार्य करने के लिए अपार संभावनाएं हैं लेकिन अभिनय क्रिया अपने कौशल पर आधारित होती है। हम अपने कौशल के माध्यम से ही अभिनय को प्रभावी बनाकर दूसरो को अपने साथ जोड़ पाते हैं। हम फिल्मों में अभिनेता की जो क्रिया देखते है उसके पीछे काफी मेहनत होती है। अभिनय के लिए निरंतर अभ्यास करना बेहद जरूरी है। कुलपति टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में काफी कौशल है केवल उन्हें रास्ता दिखाने की आवश्यकता है। हरियाणा के बहुत सारे अभिनेताओ ने फिल्मी जगत में जाकर प्रसिद्धि हासिल की है।

हिंदी पखवाड़े का समापन

निज भाषा प्रेम से ही होगी प्रगति: प्रो. टंकेश्वर कुमार

प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति ने किया सम्मानित

विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

महेंद्रगढ़, 27 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें इस पर अभिमान है। हिंदी भारत के स्वाभिमान की परिचायक है।

आज समूचे विश्व में हिंदी भाषा को एक प्रमुख भाषा के रूप में पहचाना जा रहा है। निज भाषा के प्रति प्रेम का यही भाव विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी मातृभाषा में शिक्षा की बात करती है।

यह प्रमाणित हो चुका है कि हम जिस भाषा में सोचते हैं, उस भाषा में अध्ययन, अध्यापन व शोध सदैव प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है, इसलिए हिंदी भाषा से प्रेम भारत के विकास में सहयोगी है।

यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

विश्वविद्यालय में 14 से 27 सितम्बर के बीच आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2023 के समापन की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई।

इसके पश्चात हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आयोजन में सम्मिलित गोद लिए गांवों के विद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों, विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व विद्यार्थियों का विशेष रूप से इस आयोजन में सहभागिता हेतु आभार व्यक्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने उद्बोधन में रचनात्मकता को बढ़ाने, मौलिक अनुसंधान व भारत के विकास हेतु निज भाषा के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया और कहा कि आज के समय में तकनीक की मदद से अपनी ही भाषा में अध्ययन, अध्यापन व शोध सहज रूप से कर सकते हैं।

उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए सभी आयोजकों व प्रतिभागियों का बधाई दी और कहा कि अवश्य ही इस कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार को गति मिलेगी।

हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के समापन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं व प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में कीर्ति व प्रिया सैनी प्रथम

इनमें विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में छठी से 8वीं कक्षा वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खुडाना की कीर्ति प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धोली की प्रिया द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जांट का निशांत तृतीय पुरस्कार दिया गया।

9वीं से 12वीं वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली का विनी प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मालड़ा बांस की सोमवती द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाली की रचना तृतीय स्थान पर रही।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में एम.एड. की प्रिया सैनी ने प्रथम, एम.ए. हिंदी के सौरभ ने द्वितीय तथा पीएच.डी. हिंदी कर रही रितांजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए आयोजित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अजय पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी व पत्र लेखन प्रतियोगिता में सहायक रामवीर गुर्जर ने प्रथम, निजी सचिव पवन कुमार ने द्वितीय तथा अवर श्रेणी लिपिक प्रीतम कुमार ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

10 दिवसीय रचना पोस्टर प्रदर्शनी का समापन

नीरज कौशिक

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय ह्यरचना पोस्टर प्रदर्शनीह्व का समापन दिनांक 27 सितंबर को सफलतापूर्वक हो गया। ज्ञातव्य है कि बालमुकुंद गुप्त पर केंद्रित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बालमुकुन्द गुप्त की पुण्य तिथि (18 सितंबर) पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी पोस्टर हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर अमित मनोज द्वारा तैयार किए गए थे। इन पोस्टरों में बालमुकुंद गुप्त के जीवन एवं सृजन के साथ उनकी कविताओं, संपादकीयों, निबंधों, बाल-कविताओं एवं पत्रों आदि का कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया गया था। प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर सहकर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांवों के स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा देखा व सराहा गया। अनेक आगंतुक प्रदर्शनी के माध्यम से पहली बार बालमुकुंद गुप्त के लेखन सरोकारों और उनके शिल्प सौंदर्य से परिचित हुए। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि बालमुकुंद गुप्त जैसे रचनाकार पर इस प्रकार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए लाभदायक है।

इस प्रकार के आयोजन से हम न केवल अपने लेखकों को याद करते हैं, अपितु उनके लेखन से हम निरंतर समृद्ध होते हैं। प्रदर्शनी के बारे में अमित मनोज ने बताया कि बालमुकुन्द गुप्त हिंदी गद्य के निमार्ता रचनाकारों में से एक हैं। प्रायः वे ह्यशिवशम्भु के चिट्ठेह्व के रचनाकार के रूप में अधिक जाने जाते हैं, लेकिन वे उतने ही बेहतर कवि व बाल-कवि भी हैं। उनकी रचनाओं में हमें उनके ह्यकहनहह्व की अनोखी शैली के दर्शन होते हैं। ह्यँस का स्वर्ग, ह्यपॉलिटिकल होली, रेलगाड़ी, गुड़ियों की पाठशाला, हिंदी की उन्नति, आशीर्वाद, टेसूः स्वागत,

पीछे मत फेंकिए जैसी रचनाओं से हम उनके विविध स्वरों से परिचित होते हैं। गुप्त जी एक निर्भीक और दबंग पत्रकार रहे हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन उनके साहित्यिक महत्त्व को रेखांकित करता है। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति द्वारा आयोजित समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस हेतु अमित मनोज का विशेष तौर से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नन्द किशोर, डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, अमित यादव, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षणगण, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, प्रतिभागी व शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'मीट द ऑथर' का उद्देश्य छात्रों में हो अर्थपूर्ण संवाद

हकेंवि के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा शुक्रवार को मीट द ऑथर कार्यक्रम किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच एक अर्थपूर्ण संवाद का अवसर उपलब्ध कराना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संदेश के माध्यम से आयोजकों की सराहना की।

कार्यक्रम में देश नेहसता, प्रो. केएस चलम, डॉ. टी लॉंगकोई, डॉ. रीमा, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. तंवी, डॉ. आरती यादव, डॉ. रेण यादव, डॉ. रेणु, डॉ. युधबीर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकों सहित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। मंच संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया।

हकेंवि में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. केएस चलम। स्रोत : विवि

हकेंवि में दस दिवसीय रचना पोस्टर प्रदर्शनी का समापन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय रचना पोस्टर प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि बालमुकुंद गुप्त जैसे रचनाकार पर इस प्रकार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए लाभदायक है। अमित, मनोज ने बताया कि बालमुकुंद गुप्त हिंदी गद्य के निर्माता रचनाकारों में से एक हैं। संवाद

साहित्यकार गुप्त की कविताओं व पत्रों का कलात्मक व सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया

पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से बालमुकुंद गुप्त के लेखन सरोकारों व उनके शिल्प सौंदर्य से परिचित हुए आगंतुक

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का सफलतापूर्वक समापन हो गया। ज्ञातव्य है कि बालमुकुंद गुप्त पर केंद्रित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बालमुकुन्द गुप्त की पुण्यतिथि पर हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी पोस्टर हिंदी विभाग के सहायक प्रो. अमित मनोज द्वारा तैयार किए गए थे। इन पोस्टरों में बालमुकुंद गुप्त के जीवन एवं सृजन के साथ उनकी कविताओं, संपादकीयों, निबंधों, बाल-कविताओं एवं पत्रों आदि का कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया गया था। प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर सहकर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांवों के स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा देखा व सराहा गया। अनेक आगंतुक प्रदर्शनी के माध्यम से पहली बार बालमुकुंद गुप्त के लेखन सरोकारों और उनके शिल्प सौंदर्य से परिचित हुए। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति द्वारा आयोजित समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अमित मनोज का विशेष तौर से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नन्द किशोर, डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, प्रतिभागी व शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद प्रो. सुषमा यादव शिक्षकों के साथ।

रचना पोस्टर प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए लाभदायक : प्रो. सुषमा

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का समापन सफलतापूर्वक हो गया। ज्ञातव्य है कि बालमुकुंद गुप्त पर केंद्रित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बालमुकुन्द गुप्त की पुण्य तिथि पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी पोस्टर हिंदी विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर अमित मनोज द्वारा तैयार किए गए थे। इन पोस्टरों में बालमुकुंद गुप्त के जीवन एवं सृजन के साथ उनकी कविताओं, संपादकीयों, निबंधों, बाल-कविताओं एवं पत्रों आदि का कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया गया था।

पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद प्रो. सुषमा यादव शिक्षकों के साथ • सौ. हकेंवि प्रवक्ता

प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर सहकर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांवों के स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा देखा व सराहा गया। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि बालमुकुंद गुप्त जैसे रचनाकार पर इस प्रकार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए लाभदायक है।

इस प्रकार के आयोजन से हम न केवल अपने लेखकों को याद करते हैं, अपितु उनके लेखन से हम निरंतर समृद्ध होते हैं. प्रदर्शनी के बारे में अमित मनोज ने बताया कि बालमुकुन्द गुप्त हिंदी गद्य के निर्माता रचनाकारों में से एक हैं। उनकी रचनाओं में हमें उनके 'कहन' की अनोखी शैली के दर्शन होते हैं. 'भैंस का स्वर्ग', 'पॉलिटिकल होली', 'रेलगाड़ी', 'गुड़ियों की पाठशाला', 'हिंदी की उन्नति', 'आशीर्वाद', 'टेसू: स्वागत', 'पीछे मत फेंकिए' जैसी रचनाओं से हम उनके विविध स्वरों से परिचित होते हैं।

'मीट द आथर' कार्यक्रम आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा शुक्रवार को 'मीट द आथर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संदेश के माध्यम से आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। विवि में मीट द आथर कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान मे प्रकाशित महत्वपूर्ण पुस्तकों के लेखकों से सीधा संबंध स्थापित कर विद्यार्थियों के बीच एक अर्थपूर्ण संवाद का अवसर उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम मे भारत के जानेमाने शिक्षाविद व अर्थशास्त्री प्रो. केएस चलम, निदेशक, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय संस्थान, हैदराबाद एवं भूतपूर्व कुलपति, द्रविडियन विश्वविद्यालय एवं भूतपूर्व सदस्य संघ लोक सेवा आयोग, ने अपनी पुस्तक 'पोलिटिकल इंकानमी आफ कास्ट इन इंडिया' पर व्याख्यान दिया एवं परिचर्चा में भी भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सवाल जवाब सत्र में अपनी विभिन्न भी जिज्ञासाओं को विशेषज्ञ के समक्ष रखने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम में प्रो. अंतरेश, डा. स्नेहसता, डा. राजीव कुमार सिंह, डा. तन्वी, डा. आरती यादव, डा. रेण यादव, डा. रेणु, डा. युधबीर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकों सहित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की।

हकेवि में 'मीट द ऑथर' कार्यक्रम आयोजित

- इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने किया आयोजन

रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग द्वारा शुक्रवार को 'मीट द ऑथर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संदेश के माध्यम से आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय में मीट द ऑथर कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान मे प्रकाशित महत्वपूर्ण पुस्तकों के लेखकों से सीधा संबंध स्थापित कर विद्यार्थियों के बीच एक अर्थपूर्ण संवाद का अवसर उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम मे भारत के जानेमाने शिक्षाविद व अर्थशास्त्री प्रो. के. एस. चलम, निदेशक, आर्थिक एवं सामाजिक न्याय संस्थान, हैदराबाद एवं भूतपूर्व कुलपति, द्रविडियन विश्वविद्यालय एवं भूतपूर्व सदस्य संघ लोक सेवा आयोग, ने अपनी पुस्तक 'पोलिटिकल ईकानमी ऑफ कास्ट इन इंडिया' पर व्याख्यान दिया एवं परिचर्चा में भी भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सवाल जवाब सत्र में अपनी विभिन्न भी जिज्ञासाओं को विशेषज्ञ के समक्ष रखने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम में प्रो. अंतरेश, डॉ स्नेहसता, डॉ टी. लॉंगकोई, डॉ रीमा, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ तन्वी, डॉ आरती यादव, डॉ रेण यादव, डॉ रेणु, डॉ युधबीर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकों सहित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की। मंच संचालन इतिहास विभाग के डॉ. अभिरंजन कुमार ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र परमार ने स्मृति चिह्न भेंट कर प्रो. चलम का स्वागत किया। डॉ कुलभूषण मिश्रा ने प्रो. चलम का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ईश्वर परिडा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

हकेवि में दस दिवसीय 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का समापन

रणघोष अपडेट. महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय 'रचना पोस्टर प्रदर्शनी' का समापन दिनांक 27 सितंबर को सफलतापूर्वक हो गया। ज्ञातव्य है कि बालमुकुंद गुप्त पर केंद्रित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बालमुकुन्द गुप्त की पुण्य तिथि (18 सितंबर) पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी पोस्टर हिंदी विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर अमित मनोज द्वारा तैयार किए गए थे। इन पोस्टरों में बालमुकुंद गुप्त के जीवन एवं सृजन के साथ उनकी कविताओं, संपादकीयों, निबंधों, बाल-कविताओं एवं पत्रों आदि का कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया गया था। प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर सहकर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा देखा व सराहा गया। अनेक आगंतुक प्रदर्शनी के माध्यम से पहली बार बालमुकुंद गुप्त के लेखन सरोकारों और उनके शिल्प सौंदर्य से परिचित हुए। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि बालमुकुंद गुप्त जैसे रचनाकार पर इस प्रकार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए लाभदायक है। इस प्रकार के आयोजन से हम न केवल अपने लेखकों को याद करते हैं, अपितु उनके लेखन से हम निरंतर समृद्ध होते हैं. प्रदर्शनी के बारे में अमित मनोज ने बताया कि बालमुकुन्द गुप्त हिंदी गद्य के निर्माता रचनाकारों में से एक हैं। प्रायः वे 'शिवशम्भु के चिट्ठे' के रचनाकार के रूप में अधिक जाने जाते हैं, लेकिन वे उतने ही बेहतर कवि व बाल-कवि भी हैं। उनकी रचनाओं में हमें उनके 'कहन' की अनोखी शैली के दर्शन होते हैं. 'भैंस का स्वर्ग', 'पॉलिटिकल होली', 'रेलगाड़ी', 'गुड़ियों की पाठशाला', 'हिंदी की उन्नति', 'आशीर्वाद', 'टेसूः स्वागत', 'पीछे मत फेंकिए' जैसी रचनाओं से हम उनके विविध स्वरों से परिचित होते हैं। गुप्त जी एक निर्भीक और दबंग पत्रकार रहे हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन उनके साहित्यिक महत्त्व को रेखांकित करता है। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति द्वारा आयोजित समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस हेतु अमित मनोज का विशेष तौर से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नन्द किशोर, डॉ. देवेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, अमित यादव, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षणगण, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, प्रतिभागी व शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थित रहे।